Seventeenth Loksabha

>

Title:

श्री हेमन्त पाटिल (हिंगोली): महोदय, भारतवर्ष के सभी राज्यों में संसद सदस्यों द्वारा अपने संसदीय क्षेत्र के जरूरतमंद नागरिकों को वैद्यकीय सहायता मिलने हेतु पंतप्रधान सहायता निधि का सिफारिश पत्र दिया जाता है। किंतु जरूरतमंद नागरिक के लिए, संसद सदस्य द्वारा दिए गए सिफारिश पत्र को व्यक्तिगत रूप से दिल्ली में जा कर देना संभव नहीं होता है, इसलिए वह उसे पोस्ट द्वारा भेजता है। इस पत्र को पंतप्रधान तक पहुंचने में काफी समय लगता है और उत्तर आने तक भी काफी समय लगता है और निधि के संदर्भ में फॉलोअप लेना नागरिकों को संभव नहीं होता है।

यदि पंतप्रधान सहायता निधि आखिरी तबके तक, जरूरमंद नागरिकों को मिलना आसान करना हो तो हर राज्य की राजधानी के लिए मंत्रालय में पंतप्रधान सहायता कक्ष का निर्माण होना आवश्यक है, जिससे सहायता निधि हर लाभार्थी को आसानी से प्राप्त हो।

HON. CHAIRPERSON: Kunwar Pushpendra Singh Chandel and Shri Kuldeep Rai Sharma are permitted to associate with the issue raised by Shri Hemant Patil.

(Hon. Speaker *in the Chair*)